आवास बन्धु
आवास एवं शहरी नियोजन विभाग
उ0प्र0शासन

प्रथम तल, जनपथ मार्केट, लखनऊ
दूरभाषः– 0522 - 4070567
E-mail:awasbandhu@gmail.com
website:http://www.awasbandhu.com

संख्याः 652 /2564–Vol-IV/आ0ब0–1/निदेशक/2023–24 दिनांक 14 फरवरी, 2024

प्रेषक,

निदेशक,
आवास बन्धु,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

उपाध्यक्ष,
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण,
गाजियाबाद।

विषयः प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक भागीदारी में किफायती आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं के संबंध में।

महोदय,

आप अवगत हैं कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिये आवास (शहरी) मिशन का शुभारम्भ दिनांक 26.05.2015 को किया गया था। मिशन के अंतर्गत भागीदारी में किफायती आवास योजना (अफोर्डेबल हाउसिंग इन पार्टनरशिप) घटक में उ0प्र0 शासन द्वारा उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद एवं विभिन्न विकास प्राधिकरणों के लक्ष्य निर्धारित करते हुए परियोजनाओं को भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट अवधि में पूर्ण कराये जाने की अपेक्षा की गयी थी। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अधीन संचालित परियोजनाओं की माह–जनवरी, 2024 तक की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट निम्नवत हैः–

क्र. सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृत भवनों की संख्या	विभिन्न स्तर पर निर्माणाधीन भवनों की संख्या	पूर्ण भवनों की संख्या	आवंटित भवनों की संख्या	स्वीकृत के सापेक्ष पूर्ति प्रतिशत	कब्जा प्राप्त लाभार्थियों की संख्या	आवंटन के सापेक्ष पूर्ति प्रतिशत
1	मधुबन बापूधाम	856	0	856	856	100.00	0	0
2	ग्राम–डासना योजना	432	0	432	427	98.84	0	0
3	ग्राम–निवाड़ी योजना	528	528	0	473	89.58	0	0
4	प्रताप विहार योजना	1200	1200	0	707	58.92	0	0
5	नूरनगर–राजनगर	480	480	0	471	98.13	0	0
6	मै0 एन्थम यश कीर्ति	333	333	0	305	91.59	0	0
7	मै0 एस0सी0सी0	252	252	0	252	100.00	0	0
8	मै0 अजनारा इण्डिया	318	318	0	287	90.25	0	0
9	मै0 जय अम्बे इस्टेट	147	147	0	147	100.00	0	0
10	मै0 ए0टी0एस0	789	789	0	779	98.73	0	0
11	मै0 महालक्ष्मी	946	946	0	946	100.00	0	0
12	मै0 सिग्नेचर ग्लोबल	873	0	0	0	0.00	0	0
13	मै0 अराध्यम 1	251	251	0	0	0.00	0	0
14	मै0 एसजीएस सिटी 1	1493	1493	0	0	0.00	0	0
15	मै0 एसजीएस सिटी 2	1493	1493	0	0	0.00	0	0
16	मै0 अराध्यम 2	312	312	0	0	0.00	0	0
17	मै0 रॉकफोर्ट	147	147	0	0	0.00	0	0

परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान अपर मुख्य सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा दिनांक 23.08.2023 को विभिन्न स्तर पर निर्माणाधीन परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण कराने एवं आवंटित भवनों के सापेक्ष कब्जा संबंधी कार्यवाही नियमानुसार शीघ्र पूर्ण कराये जाने की अपेक्षा की गयी थी। इस संबंध में मिशन निदेशक, सूडा के पत्र संख्या–4898/08/29/HFA-AHP/Vol-X/2023-24 दिनांक 22.12.2023 द्वारा भी आवंटन के सापेक्ष कब्जा दिये जाने हेतु नियमानुसार कार्यवाही किये जाने पर बल दिया गया है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा योजना की समयावधि माह–दिसम्बर,–2024 निर्धारित की गयी है, जिसके पूर्व भवनों को पूर्ण कर लाभार्थियों को उपलब्ध कराया जाना अपेक्षित है।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया विभिन्न स्तर पर निर्माणाधीन भवनों को शीघ्र पूर्ण कराते हुए शतप्रतिशत आवंटन एवं नियमानुसार लाभार्थियों को कब्जा दिये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही शीघ्र कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

14/12/2024

(रवि जैन)
निदेशक

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि –निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव/सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन को सूचनार्थ प्रेषित।

(रवि जैन)
निदेशक